an>

Ttile: Need to provide better rail connectivity to Purnia in Bihar -laid.

श्री संतोष कुमार (पूर्णिया) : बिहार का सीमांचल और कोशी क्षेत्र को पूर्णियॉ केन्द्र बिन्दु है, वहां से एक भी सुपरफास्ट ट्रेन नहीं है। पूर्णिया से दिल्ली के लिए भी कोई गाड़ी नहीं है, मात्र एक ट्रेन 12487/12488 (सीमांचल एक्सप्रेस) चलती है जिसका परिचालन और साफ-सफाई ठीक नहीं है। सीमांचल और कोशी क्षेत्र में करीब आठ-नौ जिले पड़ते हैं, इस क्षेत्र के लोग अपना रोजगार एवं जीविकोपार्जन हेतु काफी संख्या में दिल्ली रहते हैं।

सीमांचल से पटना की दूरी लगभग 400 कि0मी0 पड़ता है । पटना राजधानी होने के कारण आम जनता को पटना आना-जाना लगा रहता है। सुबह के समय में कोई भी ट्रेन नहीं है जिसके कारण आम जनता को पटना पहुंचने में काफी कठिनाई झेलनी पड़ती है, जबकि एक मात्र सड़क मार्ग ही सहारा है।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि पूर्णिया से दिल्ली के लिए एक सुपरफास्ट ट्रेन चलाई जाए एवं पूर्णिया से पटना के लिए एक इन्टरसिटी ट्रेन जो कटिहार से चलती है उसका विस्तार पूर्णियां जं. तक किया जाए ताकि आम जनता को सुविधा मुहैया हो सके।